# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।

पत्रांक/प्रबन्ध/बे0शि0/1431-33 /2021-22 दिनांक: 9/9/21

## कार्यालय ज्ञाप

प्रबन्धक, कन्हैया पब्लिक स्कूल, ओल्ड हैबतपुर, पुराना शिव मन्दिर, ग्रेटर नोएडा, विकास खण्ड बिसरख जनपद गौतमबुद्धनगर के प्रार्थना पत्र दिनांक 03.09.2021 द्वारा शासनादेश संख्या–419/79–6–2013–18(20)/91 शिक्षा अनुभाग–6 लखनऊ दिनांक 08.05.2013 के क्रम में विद्यालय की मान्यता का नवीनीकरण/स्थायी करने का अनुरोध किया है। अभिलेखानुसार इस कार्यालय के पत्रांक/मान्यता/655–57/ 2018–19 दिनांक 27.04.2018 द्वारा कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक की मान्यता तीन वर्ष की अवधि हेतु अंनतिम रूप से प्रदान की गयी थी।

उक्त के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या–419/79–6– 2013–18(20)/91 शिक्षा अनुभाग–6 लखनऊ दिनांक 08.05.2013 के प्रस्तर 15 में निम्नलिखित व्यवस्था दी गयी है:–

प्रथमतया निर्धारित प्रारूप पर नियमावली में उल्लिखित प्राविधानों के दृष्टिगत औपबन्धित मान्यता तीन वर्ष के लिए दी जायेगी। इस अवधि में मान्यता की शर्तो के उल्लघंन से सम्बन्धित यदि कोई प्रतिकूल तथ्या संज्ञानित नहीं होता होता है तो तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर यह मान लिया जायेगा कि विद्यालय को स्थायी मान्यता प्राप्त हो गयी हैं।

उक्त संस्था के विरूद्ध कार्यालय को पिछले तीन वर्ष में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। इस आशय का प्रबन्धक द्वारा शपथ पत्र भी उपलब्ध कराया गया है। उक्त शासनादेश एवं प्रबन्धक, कन्हैया पब्लिक स्कूल, ओल्ड हैबतपुर, पुराना शिव मन्दिर, ग्रेटर नोएडा, विकास खण्ड बिसरख जनपद गौतमबुद्धनगर द्वारा पत्रावली में उपलब्ध कराये अपने विद्यालय सम्बन्धी अद्यतन प्रपत्रों के आधार पर उक्त विद्यालय का **GJHS**– 408 हैं, की मान्यता को स्थायी समझा जायेगा एवं भविष्य में मान्यता पत्रांक/मान्यता/655–57/ 2018–19 दिनांक 27.04.2018 में उल्लिखित समस्त शर्तो/मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा एवं शासन द्वारा जारी किये गये नवीन शासनादेश भी प्रभावी होंगे।

(धमेन्द्र कुमार सक्सेना)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गौतमबुद्धनगर।

पृष्ठांकन एवं दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपि:– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, बेसिक, प्रथम मण्डल मेरठ।
2. खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकास खण्ड बिसरख।
3. प्रबन्धक, कन्हैया पब्लिक स्कूल, ओल्ड हैबतपुर, पुराना शिव मन्दिर, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर।
4. गार्ड फाइल।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गौतमबुद्धनगर।